# यूपी में अगले हफ्ते गन्ने की कीमत पर फैसला

दो महीने से अधिक देरी के बाद अब उत्तर प्रदेश में गन्ना का राज्य परामर्श मूल्य (एसएपी) अगले सप्ताह जारी हो सकता है। एसएपी किसानों को चीनी मिलों की ओर से गन्ना खरीद के लिए मिलने वाला आधार मूल्य होता है। 2015-16 के पेराई वर्ष के लिए गन्ना के मूल्य की घोषणा अभी नहीं हुई है। 2014-15 के लिए इसकी घोषणा 12 नवंबर 2014 को हो चुकी थी। गन्ना मूल्य को 12 जनवरी को राज्य मंत्रिमंडल की होने वाली बैठक में मंजूरी मिलने की संभावना है और इसके बाद राज्य सरकार इसकी घोषणा कर सकती है। पूरी संभावना है कि सरकार गन्ने का मूल्य 280 रुपये प्रति क्विंटल पर अपरिवर्तित रख सकती है। **पृष्ठ 4**